तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज रणवीरसिंह बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार पीपाड़सीटी) सू.अ.अ. अपील संख्या 183/2019
21.10.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी रणवीरसिंह पुत्र गोपालसिंह निवासी प्लॉट नं. 05, कुबेर नगर, फनवर्ल्ड के पीछे, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 21.08.19 में उसके द्वारा (1) ग्राम चोढा तह0 पीपाड़सीटी ख.नं. 183 नामान्तरकरण सं0 1070 दिनांक 01.06.2016 जरिये वसियत पेश कर वसियत दर्ज की गई वसियत कर्ता रतनकंवर कि वसियत कार्यालय दस्तावेज पेश वसियत छाया प्रति व अन्य 09 बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 22.08.19 को तहसीलदार पीपाड़सीटी को स्थानान्तरित कर दिया गया तथा तहसीलदार पीपाड़शहर द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थीपक्ष उपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार पीपाड़सीटी) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़सीटी) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Date: 2019.11.30 13:09:03 IST
Reason: SelfAttested